# श्याम मोरछड़ी लहरादे | By Deepanshu Saini

श्याम मोरछड़ी लहरादे सारे संकट कट जाएँ
है फँसी भंवर में नैया मेरी पार हो जाए

जब जग ने मुझे रुलाया
मैं हार तेरे दर आया
और दर पर आकर बाबा
मैंने दर्शन तेरा पाया
तुम हारे के सहारे बेडा पार हो जाए
है फँसी भंवर में नैया मेरी पार हो जाए

दुनिया ने ठोकर मारी
बस तुमने साथ निभाया
चरणों में आकर बाबा
मैंने अपना हाल सुनाया
छाई अंधियारी रातें उजाला कर जाए
है फँसी भंवर में नैया मेरी पार हो जाए

हर ग्यारस पर आते हैं
बाबा तुमसे ही मिलने
और मरते दम तक बाबा
आएंगे दर्शन करने
अब लीले चढ़ कर आजा दीपू भी तर जाए
है फँसी भंवर में नैया मेरी पार हो जाए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-deepanshu-saini/